# रुद्रनाथ मंदिर

## चर्चा में क्यों?

चतुर्थ केदार के रूप में विख्यात रुद्रनाथ मंदिर शीतकाल के बाद **श्रद्धालुओं के लिये पुनः खोल दिया गया है।**

## मुख्य बिंदु

- **रुद्रनाथ मंदिर के बारे में:**
  - उत्तराखंड के चमोली ज़िले में स्थित यह **मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।**
    - यह **पंच केदार** मंदिरों में से एक है।
  - **पंच केदार मंदिरों में केदारनाथ, मदमहेश्वर, तुंगनाथ, रुद्रनाथ और कल्पनाथ शामिल हैं।**
  - यह मंदिर समुद्र तल से 2290 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।
  - रुद्रनाथ मंदिर में भगवान शंकर के एकानन अर्थात मुख की पूजा होती है, जबकि नेपाल की राजधानी काठमांडू के पशुपतिनाथ में पूरे शरीर की पूजा होती है।

## चार धाम यात्रा

- **उत्तराखंड,** जिसे अक्सर **देवभूमि** या देवताओं की भूमि के रूप में जाना जाता है, कई पवित्र मंदिरों का घर है और पूरे वर्ष भक्तों को आकर्षित करता है।
- इन आध्यात्मिक स्थलों में से **चार धाम यात्रा** को इस क्षेत्र की सबसे प्रमुख तीर्थ यात्राओं में से एक माना जाता है।
- यात्रा में चार पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन शामिल हैं: **यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ।**
  - **उत्तरकाशी ज़िले** में स्थित **यमुनोत्री मंदिर** पवित्र **यमुना नदी के उद्गम के पास स्थित है और देवी यमुना** को समर्पित है।
  - **उत्तरकाशी ज़िले** में स्थित **गंगोत्री मंदिर देवी गंगा** को समर्पित है। गंगा को भारत की सबसे पवित्र नदी माना जाता है।
  - **रुद्रप्रयाग ज़िले** में स्थित **केदारनाथ मंदिर, भगवान शिव को समर्पित** है।
  - बद्रीनाथ मंदिर **भगवान विष्णु को समर्पित है।**
- ये **धाम गढ़वाल हिमालय में स्थित हैं** और यहाँ पारंपरिक रूप से मई से नवंबर के बीच **श्रद्धालु** दर्शन के लिये जाते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rudranath-temple